अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 11 अगस्त 2020

PAGE NO. 9 : RIGHT TOP

एकेटीयू : बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी परीक्षा, परिपत्र जारी

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) की फाइनल ईयर की परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू पैटर्न) पर आधारित होगी। विवि ने सोमवार को इससे जुड़ी विस्तृत जानकारी का परिपत्र जारी किया। साथ ही मॉडल पेपर भी जारी किया है। परिपत्र (सर्कुलर) को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही कॉलेजों को भी निर्देश दिया है कि वे अपने विद्यार्थियों को भी सूचित करें।

आर सिरीज में रेग्युलर पेपर 70 अंकों के होंगे, जिसमें 70 प्रश्न होंगे

'अमर उजाला' ने रविवार के अंक में 'परीक्षा सिर पर, छात्रों को पैटर्न तक पता नहीं' शीर्षक से ख़बर प्रकाशित की थी, जिसमें छात्रों को पैटर्न की जानकारी न होने, मॉडल पेपर न मिलने आदि समस्याओं को उठाया गया था। इसका संज्ञान विवि प्रशासन ने लिया और सोमवार को ही अपनी वेबसाइट पर इसका सर्कुलर जारी किया। सभी कॉलेजों को निर्देश दिया है कि वे अपने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को इससे अवगत कराएं। साथ ही इसी मॉडल पेपर के आधार पर अपने विद्यार्थियों की तैयारी भी करवाएं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि परीक्षा एमसीक्यू के आधार पर कराई जाएगी। सभी पेपर का समय दो घंटे का होगा। आर सिरीज में रेग्युलर पेपर 70 अंकों के होंगे, जिसमें 70 प्रश्न होंगे। अन्य सभी व कैरी ओवर प्रश्न पत्र 100 अंकों के होंगे, जिसमें 80 प्रश्न होंगे। प्रश्न पत्र में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। उन्होंने कहा है कि सत्र 2018-19 व पूर्व के अंतिम वर्ष के पास छात्र जो नियमानुसार अर्ह हैं, जिन्होंने परीक्षा फॉर्म भरा है। वे भी उक्त परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने कॉलेजों से ये भी कहा है कि वे अपने अंतिम वर्ष के छात्रों का ऑनलाइन एमसीक्यू पैटर्न आधारित प्रश्न, एसाइनमेंट के माध्यम से तैयारी करवाएं। इसके लिए मॉडल पेपर भी दिए गए हैं। विश्वविद्यालय की अंतिम वर्ष की परीक्षा एक सितंबर से प्रस्तावित हैं, जिसके लिए परीक्षा कार्यक्रम व केंद्रों की सूची जारी की जा चुकी है। ब्यूरो

लोहिया विधि विश्वविद्यालय का नया एकेडमिक कैलेंडर जारी

लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने नए सत्र का एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। तीसरे, पांचवें, सातवें और नौवें सेमेस्टर के छात्रों के लिए यह एकेडमिक कैलेंडर लागू होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि प्रथम सेमेस्टर का एकेडमिक कैलेंडर क्लैट के दाखिले पूर्ण होने के बाद जारी किया जाएगा। नया एकेडमिक कैलेंडर जुलाई 2020 से जून 2021 तक लागू रहेगा। ब्यूरो